an>

Title: Need to release funds for Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in Maharashtra particularly in Wardha and Amravati districts in the State.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) ः मा. ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करते हुए आग्रह है कि महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत जो कार्य किए गए हैं, उनका भुगतान नहीं हुआ है। साथ ही साथ, नए कार्य जो चयन किए गए हैं उनकी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। पूरे प्रदेश में पीएमजीएसवाई का कार्य रूका हुआ है। आम नागरिकों में काफी रोष है एवं पथ निर्माण नहीं होने से संकट का सामना भी लोगों को करना पड़ता है। आम नागरिक, बुद्धिजीवी वर्ग मेरे संसदीय क्षेत्र में धरना प्रदर्शन भी कर रहे हैं। खासकर वर्धा एवं अमरावती जिले में कार्य बंद पड़ा है। जिसे जल्द चालू कराने की आवश्यकता है।

अतः मा. मंत्री जी से आग्रह है कि शीघ्र पीएमजीएसवाई के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर बंद पड़ी स्वीकृत योजनाओं को चालू करवाने का कष्ट करें तथा बाकी भुगतान करने हेतु धन का आवंटन करने का कष्ट करें।